कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 02.08.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में प्रेमचन्द जयंती का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग हिन्दी विभाग द्वारा प्रेमचन्द जयंती का आयोजन किया गया। अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने प्रेमचन्द की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधीत करते हुए कहा कि–प्रेमचन्द का साहित्य शाश्वत है आज भी उनकी लेखनी समाज को जागरुक करने एवं नई दिशा देने का कार्य कर रही है। मुंशी प्रेमचन्द को कथा सम्राट कहा जाता है अपनी अप्रतिम रचनाओं के माध्यम से जनसाधारण की भावनाओं का संवेदन शील एवं मार्मिक चित्रण किया है। जिसके कारण प्रेमचन्द लोकप्रिय साहित्यकार के रुप प्रसिद्ध हुए। आज भी उनका साहित्य प्रासांगिक है।

डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि प्रेमचन्द की रचना–दृष्टि, विभिन्न साहित्य रुपों में अभिव्यक्त हुई। वह बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न साहित्यकार थे उनके साहित्य का चिंतनकर छात्राऐं साहित्य सर्जन की प्रेरणा प्राप्त कर सकती है। डॉ. ऋतु दुबे ने कहा कि प्रेमचन्द की कृतियां भारत के सर्वाधिक विशाल और विस्तृत वर्ग की कृतियां है। प्रेमचन्द ने आम जनमानस को प्रभावित किया है। उनका अमर साहित्य दीप स्तम्भ की तरह मार्गप्रशस्त करता है अतः हम सबको उससे प्रेरणा ग्रहण कर साहित्य सृजन की ओर प्रवृत्त होना चाहिए।

इस अवसर पर कुमारी कविता मालेकर, सिमरन सार्वे ने अपने विचार प्रस्तुत किये कार्यक्रम का संचालन कुमारी हर्षिता ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने किया।

***समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।***

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : 02.08.2025

//प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय में प्रेमचन्द जयंती का आयोजन







